# बांग्लादेश के नागरिकों के लिये वीज़ा प्रतिबंधों में छूट की संभावना

### संदर्भ

भारत अपने पड़ोसी बांग्लादेश के नागरिकों को वीज़ा प्रतिबंधों में छूट देने के उद्देश्य से एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा।

### प्रमुख बिंदु

- गृह मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ढाका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान इस "संशोधित यात्रा व्यवस्था" के समझौता ज्ञापन(एमओयू)पर हस्ताक्षर किये जाएंगे।
- बांग्लादेश की मांग है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिये यात्रा प्रतिबंधों को कम किया जाए और इसके अलावा मुक्तिजोधास (Muktijoddhas) को और रियायतें दी जाएँ, जिन्होंने 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था।

### स्वतंत्रता सेनानियों के लिये सुविधाएँ

- पिछले साल भारत ने बांग्लादेश के (1971 के) स्वतंत्रता सेनानियों के लिये पाँच साल के एकाधिक प्रवेश वीज़ा की घोषणा की थी।
- इस सुविधा के अंतर्गत वे ढाका में भारतीय उच्चायोग और आठ अन्य वाणिज्य दूतावासों बारसिल, राजशाही, चटगाँव, खुलना, रंगपुर, सिलैत, मयमसिंह और जेसौर में पूर्व अनुमति के बिना ही वीज़ा आवेदन पत्र जमा कर सकते थे।
- यह सुविधा केवल बांग्लादेश के लिये ही नहीं बढ़ाई गई है बल्कि 150 से अधिक देशों के नागरिक भी ऑनलाइन खरीदे गए ई-पर्यटक वीज़ा के माध्यम से भारत की यात्रा कर सकते हैं।
- गौरतलब है कि वर्ष 2014 में, भारत ने 65 साल से अधिक और 13 वर्ष से कम उम्र के बांग्लादेशियों के लिये वीज़ा प्रतिबंधों को कम करने का फैसला किया था।
- साथ ही इस यात्रा के दौरान भारत के गृह मंत्री राजनाथ सिंह की बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिलने और विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने की भी उम्मीद है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/relief-for-guests-from-bangladesh